सं. ई-14018/1/2019/हिन्दी/डीजीएचएस/548-673

भारत सरकार

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

(हिंदी अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 06/09/2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय: स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में हिन्दी दिवस/हिन्दी पखवाड़ा-2019 के अवसर पर महानिदेशक महोदय का संदेश।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में दिनांक **01 से 15 सितंबर, 2019** तक 'हिन्दी पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महानिदेशक महोदय ने महानिदेशालय तथा सभी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित एक अपील जारी की है जो इस ज्ञापन के साथ संलग्न है।

2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारियों/अनुभागों/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध है कि महानिदेशक महोदय द्वारा जारी अपील को अपने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के संज्ञान में लाएं और नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित करें।

संल्गनक: यथोपरि।

(लक्ष्मी गर्ग)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारीगण
2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अनुभाग/प्रकोष्ठ
3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधीनस्थ कार्यालय

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु:

(i) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।

(ii) प्रभारी, आईटी प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस परिपत्र को महानिदेशालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कर दें।

(iii) नोटिस बोर्ड।

कृपया अपलोड करें

डॉ. अशोक कुमार सक्सेना
Dr. Ashok Kumar Saxena, MD
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक
Director General of Health Services

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली-110 108
Government of India
Ministry of Health & Family Welfare
Directorate General of Health Services
Nirman Bhawan, New Delhi- 110 108
Tel.: 23061063, 23061438 (O), 23061924 (F)
E-mail : dghs@nic.in

28/08/2019

दिनांक/Dated.........................

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं ।

भारत विभिन्न्ताओं का देश है। यहां हर राज्य की अपनी अलग सांस्कृतिक, राजनीतिक और ऐतिहासिक पहचान है । यही नहीं सभी जगह की बोली भी अलग है । इसके बावजूद हिन्दी भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। वर्ष 2011 के जनगणना के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में भारत में लगभग 44 फीसदी लोग हिन्दी बोलते हैं। 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या करीब 10 करोड़ बढ़ी हैं। यह हिन्दी की ताकत है कि अब लगभग सभी विदेशी कंपनियां हिन्दी को बढ़ावा दे रही हैं । यहां तक कि दुनिया का सबसे बड़ा सर्च इंजन गूगल भी अब हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषा वाले कॉन्टेंट को प्रमुखता दे रहा है। साल 2017 से ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में हिन्दी शब्दों को शामिल किया जा रहा है ।

यह एक विडंबना ही है कि जहां एक ओर देश-दुनिया में हिंदी का प्रयोग और लोक-प्रियता स्वत: बढ़ रही है, वहां सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा नियम बनाये जाने के बावजूद हिंदी को वह स्थान नहीं मिला है जो इसे मिलना चाहिये ।

अपने इस संदेश के माध्यम से मैं विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधिकारियों से अपील करता हूँ कि देश में चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए, राजभाषा संबंधी अनुदेशों का अनुपालन भी सुनिश्चित करें और अपने सरकारी कामकाज में अधिकाधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करने का संकल्प लें । यदि अधिकारी हिंदी में कार्य करने की पहल करेंगे तो आपके अधीनस्थ कर्मचारियों को भी हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी । हमेशा याद रखें कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और इसका सम्मान व प्रचार-प्रसार करना हमारा कर्तव्य है ।

जय हिंद,

अशोक सक्सेना

(डॉ. अशोक कुमार सक्सेना)